# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
# हल्द्वानी, नैनीताल

## दिनांक 07.07.2017 को सम्पन्न एम0ए0ज्योतिष अध्ययन बोर्ड का कार्यवृत्त

मानविकी विद्याशाखा के अन्तर्गत ज्योतिष विभाग में एम0ए0 ज्योतिष पाठ्यक्रम संचालन हेतु पाठ्यक्रम निर्माण समिति के पश्चात् द्वितीय चरण में अध्ययन बोर्ड की बैठक दिनांक 07 जुलाई 2017 को सम्पन्न हुई। जिसमें प्रतिभाग करने वाले सदस्य निम्नलिखित हैं –

1. प्रोफेसर एच0पी0 शुक्ल – संयोजक एवं निदेशक, मानविकी विद्याशाखा
2. प्रोफेसर देवीप्रसाद त्रिपाठी - अध्यक्ष, वास्तुशास्त्र विभाग, श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, कटवरिया सराय, नई दिल्ली।
3. डॉ0 नन्दन कुमार तिवारी – सहायक प्राध्यापक एवं समन्वयक, ज्योतिष विभाग, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

**संस्तुतियाँ –**

बैठक की संस्तुतियाँ निम्नानुसार हैं: -

1. अध्ययन बोर्ड में आन्तरिक व वाह्य विशेषज्ञ/ सदस्यों द्वारा पाठ्यक्रम निर्माण समिति में निर्मित एम0ए0 ज्योतिष प्रथम वर्ष के चार प्रश्न पत्र एवं एम0ए0 ज्योतिष द्वितीय वर्ष के कुल पाँच प्रश्नपत्रों का अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरान्त पाठ्यक्रम में संशोधन किया गया।
2. दोनों वर्षों के पाठ्यक्रम में प्रश्नपत्र वार आवंटित इकाईयों के शीर्षकों का निर्धारण हुआ।
3. एम0ए0 ज्योतिष पाठ्यक्रम का कोड MAJY-17 निर्धारित किया गया।
4. समिति द्वारा एम0ए0 ज्योतिष पाठ्यक्रम की समस्त इकाईयों का लेखन कार्य किये जाने हेतु इकाई लेखकों व प्राश्निकों की सूची का अनुमोदन दिया गया।
5. समिति ने यह संस्तुति दी कि एम0ए0 ज्योतिष पाठ्यक्रम में उन्हीं छात्रों को प्रवेश दिया जाय जो स्नातक ज्योतिष या समकक्ष उपाधि धारण करते हों। इसके अतिरिक्त ऐसे छात्र जो स्नातक कक्षा में एक विषय के रूप में ज्योतिष विषय का अध्ययन कर चुके हों, वे छात्र भी प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।
6. उक्त समिति ने अधिकृत किया कि विषय समन्वयक द्वारा निदेशक के परामर्श के साथ माननीय कुलपति जी से अनुमोदन प्राप्त करके लेखकों, प्राश्निकों, सम्पादकों इत्यादि की नामावली तथा पाठ्यक्रम के कोड में यथावश्यक समावेश/ समायोजन / परिवर्तन किया जा सकेगा।

NK Tiwari

Scanned by CamScanner